हरिभूमि
झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार 4 मार्च 2026

## बाबा प्रसाद गिरी महाराज मंदिर का 53वां वार्षिकोत्सव आज से

# मंदिर परिसर को फूलों से सजाया आज 3 बजे से भक्त खेलेंगे फाग

■ दूर-दराज से साधु-संत मंदिर परिसर में पहुंचे, सात मार्च को विशाल समष्टि भंडारे के साथ वार्षिकोत्सव का होगा समापन



झज्जर। बाबा प्रसाद गिरी मंदिर में फूलों की माला बनाते हुए महिला श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

नगर खेड़ा बाबा प्रसाद गिरी महाराज मंदिर के 53वें वार्षिकोत्सव का बुधवार से आगाज होगा। इसके लिए पूरी तैयारियां कर ली गई हैं। मंदिर परिसर को फूलों से सजाया गया है। दिनभर श्रद्धालु मंदिर परिसर में तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे रहे। महिला श्रद्धालुओं ने फूल मालाएं पिरोई, वहीं अन्य श्रद्धालुओं ने मेले के दौरान की व्यवस्थाएं संभाली। बुधवार को दोपहर बाद करीब तीन बजे फाग मेले का शुभारंभ होगा। दूर दराज क्षेत्रों से श्रद्धालु बाबा की समाधि पर माथा टेककर अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना करेंगे। उधर, पूरे क्षेत्र में माहौल भक्तिमय हो गया है। दूर दराज क्षेत्रों से आए साधु संतों ने अपना डेरा जमाया हुआ है। बता दें कि वीरवार को आचार्य वेदपाठी पंडित रामनिवास पाठक कांशी और पंडित नरेंद्र कुमार शास्त्री द्वारा हवन कराया जाएगा। वहीं, सायं के समय सत्संग का आयोजन किया जाएगा। शनिवार सात मार्च को विशाल समष्टि भंडारे के साथ समापन किया जाएगा।

### लडरावण में स्कूल के बाहर से बाइक चोरी

**बहादुरगढ़।** गांव लडरावण में एक स्कूल के बाहर से बाइक चोरी हो गई। पुलिस को दी शिकायत में कानोंदा के निवासी मनोज ने कहा है कि वह पेपर देने के लिए दो मार्च को लडरावण स्कूल में गया था। स्कूल के बाहर बाइक खड़ी कर दी। पेपर देने के बाद जब स्कूल से निकला तो बाइक नहीं मिली। कोई अज्ञात शख्स चुरा ले गया है। सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।







### सरकारी स्कूल से पंखे, बैटरी व सीपीयू सहित कई सामान चोरी

**बहादुरगढ़।** गांव बुपनिया में स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल व प्राथमिक स्कूल में चोरी की वारदात हो गई। अज्ञात चोर यहां से कंप्यूटर, पंखे, बैटरी सहित काफी सामान पर हाथ साफ कर गए। स्कूल में तोड़फोड़ भी की गई है और रिकॉर्ड से भी छेड़छाड़ हुई है। शिकायत के आधार पर बादली थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में प्रिंसिपल नरेंद्र कुमार ने कहा है कि सुबह जब स्कूल में आए तो वारदात का पता चला। अंदर कमरों में सामान अस्त व्यस्त था। तोड़फोड़ भी की गई थी। जांच करने पर चार बैटरी, एक प्रिंटर, सात सीपीयू का सामान, डोंगल, दो पंखे व रिकॉर्ड छिन्न भिन्न था। इतना ही नहीं, प्राथमिक विद्यालय की भी दो बैटरी, डिजिटल बोर्ड की पेन ड्राइव, मोनिटर, मिड डे मील का 15 लीटर तेल गायब था। उधर, सूचना पाकर बादली थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पिछले साल जनवरी में भी इस स्कूल में चोरी की वारदात हो गई थी। दरअसल, सरकारी स्कूलों में रात्रि सुरक्षा के बंदोबस्त नहीं हैं। इसलिए अक्सर ये चोरों के निशाने पर रहते हैं।

**रंगों के त्योहार की खुशियां में पानी की समस्या डाल रही परेशानी**

## पेयजल किल्लत से परेशान सेक्टर 2 वासी होली से पहले एचएसवीपी कार्यालय पहुंचे



बहादुरगढ़। प्राधिकरण कार्यालय पहुंचे सेक्टर-2 के प्रभावित लोग।

### अब सुबह साढ़े 7 से साढ़े 9 बजे तक देंगे पानी

सेक्टर में अधिकारियों के दौरे के बाद रेजिडेंट्सस की बैठक भी हुई। इसमें क्षेत्रवासियों ने अधिकारियों के समक्ष समस्या विस्तार से रखी। बैठक में सहमति बनी कि सेक्टर-2 में प्रतिदिन सुबह साढ़े सात से साढ़े 9 बजे तक दो घंटे नियमित रूप से पर्याप्त प्रेशर के साथ पानी की आपूर्ति की जाएगी। साथ ही 1400 नंबर लाइन में केआर मंगलम स्कूल के पीछे वाले क्षेत्र को पांच मार्च की शाम तक संबंधित लाइन से जोड़ने का आश्वासन दिया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

सेक्टर-2 में पिछले करीब तीन महीने से पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहने से परेशान स्थानीय लोगों ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सेक्टर-9 पर एकत्र होकर नाराजगी जताई। साथ ही जल्द से जल्द समस्या के समाधान की मांग उठाई। होली के पर्व से पहले सेक्टरवासियों ने पेयजल किल्लत दूर करने की मांग की। लोगों में रोष है कि रंगों के त्योहार में पानी की किल्लत खुशियों में खलल डाल रही है।

रजनीश शर्मा, सुरेंद्र कुंडू, राजकुंवर, विकास, सौरभ, उर्मिला, बिमला, कमलेश, सुनीता पराशर, रीना, रोशनी, सरोज आदि ने बताया कि पानी न तो समय पर आता है और न ही पर्याप्त प्रेशर होता है। विशेषकर 1400 नंबर लाइन में स्थित केआर मंगलम स्कूल के पीछे के मकानों में पानी की समस्या गंभीर बनी हुई है। फोन पर लोगों की समस्या सुनने के बाद अधिकारियों ने आश्वासन दिया और फिर दोपहर को एचएसवीपी के एसडीई कृष्ण मलिक व जेई विकास देशवाल ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया।







## कार शोरूम व सर्विस सेंटर में लगी आग, प्लास्टिक और रबड़ से ज्यादा भड़की



बहादुरगढ़। मौके पर आग बुझाने पहुंची दमकल गाड़ी।

■ दिल्ली-रोहतक रोड पर स्थित श्रीबालाजी होंडा शोरूम में हादसा, फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां बचाव कार्य में लगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर में दिल्ली-रोहतक रोड पर स्थित श्रीबालाजी होंडा शोरूम के परिसर में मंगलवार की शाम भीषण आग लग गई। आग शोरूम के अंदर बने सर्विस सेंटर से शुरू हुई और देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग लगने से काफी नुकसान की आशंका है।

जानकारी के अनुसार, होली के त्योहार के कारण शाम करीब चार बजे ही शोरूम बंद कर दिया गया था और सभी कर्मचारी घर जा चुके थे। इसी दौरान परिसर में आग भड़क गई। शोरूम के अंदर रखे प्लास्टिक और रबर के सामान में आग तेजी से फैल गई, जिस पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों को आग बुझाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। शोरूम के सामने जाम की स्थिति है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। शार्ट सर्किट की आशंका जताई गई है। शोरूम मालिक के बयान के बाद नुकसान का सही आंकड़ा सामने आ सकेगा।



## खबर संक्षेप



स्वप्निल रविंद्र पाटिल, जिलाधीश झज्जर।

### रबी फसलों के अवशेष जलाने पर रोकः जिलाधीश

**झज्जर।** जिलाधीश स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला की राजस्व सीमा में रबी फसलों, विशेषकर गेहूं व सरसों के अवशेषों, पराली को खेतों में जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि सामान्यतः किसान कंबाइन मशीन से कटाई के बाद अथवा हाथ से फसल काटने के पश्चात खेत में बचे अवशेषों में आग लगा देते हैं, जिससे व्यापक आर्थिक, पर्यावरणीय एवं स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभाव सामने आते हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से तीन मई तक की अवधि के लिए प्रभावी रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के अंतर्गत सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### अवैध शराब के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**रोहतक।** थाना आर्य नगर के प्रभारी पीएसआई बिजेंद्र ने बताया कि मुख्य सिपाही देवेंद्र के नेतृत्व में पुलिस टीम गांधी कैंप मार्केट में गश्त पर थी। सूचना के आधार पर पुरानी आईटीआई कम्युनिटी सेंटर के पीछे से तरुण उर्फ बली पुत्र नरेंद्र निवासी गांधी कैंप को काबू किया गया। तलाशी में उसके पास से 14 बोतल शराब बरामद हुई। थाना महम पुलिस ने गांव भैणी सुरजन के पास से रविंद्र पुत्र राजेंद्र निवासी सैमाण को 30 बोतल शराब सहित गिरफ्तार कर अभियोग दर्ज किया। थाना पुरानी सब्जी मंडी पुलिस ने गोहाना अड्डा के पास से सत्यवान निवासी डेयरी मोहल्ला को 12 बोतल व 48 पव्वे शराब सहित काबू किया।

### नशीले पदार्थ सहित आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस के एएनसी स्टाफ ने गश्त के दौरान एक युवक को नशीले पदार्थ सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 6.9 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। एएनसी स्टाफ के प्रभारी पीएसआई मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस टीम इंद्रा कॉलोनी क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान एक युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। पूछताछ में उसकी पहचान सुदामा पुत्र सूरजभान निवासी इंद्रा कॉलोनी के रूप में हुई। नियमानुसार तलाशी लेने पर उसके पास से 6.9 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### चोरीशुदा बाइक सहित आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** सदर थाना पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से चोरी की गई बाइक भी बरामद की गई है। आरोपी को न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है। लडरावण के निवासी सिद्धांत ने शिकायत दी थी कि उसके घर के बाहर से बाइक चोरी हो गई। इस पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। एचसी रवींद्रपाल की टीम ने मामले में संदीप निवासी कंझावला को गिरफ्तार किया।

# एक्सरे में मिले सात गोलियों के निशान, 6 वर्षीय बेटे ने खोला हत्या का राज

- बिरधाना हत्याकांड : पति व एक अन्य के खिलाफ मामला दर्ज
- बेटे ने बताया–पिता और एक अन्य ने मां को गोलियां मारीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

सोमवार देर सांय क्षेत्र के गांव बिरधाना में पति द्वारा पत्नी की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम करवाने से पूर्व शव के एक्सरे करवाए गए। इसमें शरीर पर सात गोलियां लगने के निशान मिले हैं। बाद में पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम करवाए जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस को दी शिकायत में मृतका के मामा खुड्डन निवासी हिम्मत पुत्र मांगेराम ने बताया कि उसे बिरधाना गांव में रहने वाली अपनी भांजी अजंलि पत्नी संजय की हत्या की सूचना मिली थी। जिसके बाद वह मौके पर पहुंचा तो मृतका अंजलि के करीब छह वर्षीय पुत्र ने बताया कि मेरे पिता के साथ एक अन्य और व्यक्ति भी था। उन्होंने घर से बाहर मेरी मां अंजलि की गोली मारकर हत्या की है। इसके बाद मेरा पिता व उसका साथ साथी मोटरसाइकिल पर भाग निकले। हिम्मत ने कहा कि संजय पुत्र मुख्त्यार व अन्य व्यक्ति ने अंजलि की गोलियां मारकर हत्या की है। उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।



झज्जर। नागरिक अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी। *फोटो: हरिभूमि*



मृतका अंजलि का फाइल फोटो।

#### छह खोल व पांच कारतूस बरामद

मामले के जांच अधिकारी जयपान सिंह ने बताया कि हत्या की सूचना पर वे मौके पर पहुंचे तथा मृतका के शव का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। घटनास्थल पर छह खाली खोल व पांच जिंदा कारतूस मिले हैं। मंगलवार को मृतका के मामा के बयान पर आरोपी पति संजय व एक अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम से पहले मृतका के शव का एक्स-रे भी कराया गया। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## आरोप : बेटी को होली पर मायके में नहीं आने दे रहे थे दामाद और सास

# शादी के 3 माह बाद ही महिला का शव फंदे पर लटका मिला

*पुलिस ने आत्महत्या के लिए मजबूर करने का केस दर्ज किया, जांच जारी*

पांच दिसंबर 2025 को नूंह निवासी रानी की शादी मामन विहार के विशाल से हुई थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहर के मामन विहार में एक नवविवाहिता का शव फंदे पर लटकता हुआ मिला। घरेलू प्रताड़ना से तंग आकर विवाहिता द्वारा आत्महत्या करने की बात सामने आई है। पति व सास पर आत्महत्या के लिए विवश करने का आरोप है। आरोपों की सत्यता जांच का विषय है।

सेक्टर-6 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। मृतका की पहचान करीब 22 वर्षीय रानी के रूप में हुई है। तीन महीने पहले ही उसकी शादी यहां मामन विहार के निवासी विशाल से हुई थी। सोमवार को वह फंदे पर लटकी नजर आई तो परिजनों ने संभाली, लेकिन उसकी सांस थम चुकी थी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। देर शाम को मायके पक्ष के लोग आए तो उन्होंने ससुरालियों पर गंभीर आरोप लगाए। उनके बयान के बाद पुलिस ने मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। नूंह जिले के गांव जौरासी के निवासी लक्ष्मण का कहना है कि पांच दिसंबर 2025 को बेटी रानी की शादी मामन विहार के निवासी विशाल से हुई थी।



बहादुरगढ़। अस्पताल में मौजूद मृतका के परिजन। *फोटो: हरिभूमि*



मृतका का फाइल फोटो।

#### चचेरे भाई की शादी में भी नहीं जा सकी

पिता ने कहा कि शादी के बाद से अब तक दामाद विशाल केवल दो बार ही हमारी बेटी को मायके लेकर आया था। गत 13 फरवरी को हमारे चाचा के लड़के की शादी थी। हमने रानी को निमंत्रण दिया था लेकिन दामाद विशाल उसे लेकर नहीं आया। फिर 25 फरवरी को मैंने फोन पर दामाद से कहा कि शादी के बाद यह पहली होली है, रानी को हम लेने आएंगे। कई बार कहने के बाद भी दामाद व सास ने सहमति नहीं दी। इसी बीच दो मार्च को रानी के जेठ का हमारे पास फोन आया। उसने बताया कि रानी ने फांसी लगा ली है। मेरी बेटी ने विशाल व अपनी सास से तंग आकर अपनी जीवन लीला समाप्त की है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उधर, पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है।

# 18 मार्च को होंगे बार काउंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा के चुनाव



उपायुक्त सचिन गुप्ता

- रोहतक जिला कोर्ट परिसर में स्थापित कुल छह मतदान केंद्रों पर होंगे चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि बार काउंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा के चुनाव 18 मार्च को प्रातः 9 से सायं 5 बजे तक जिला कोर्ट परिसर में स्थापित कुल छह मतदान केंद्रों पर होंगे। मंगलवार को तैयारियों को लेकर लघु सचिवालय की बैठक में डीसी ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। सचिन गुप्ता ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। पुलिस अधीक्षक को प्रत्येक मतदान केंद्र पर पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात करने, बैलेट बॉक्स व चुनाव सामग्री को सुरक्षित रूप से लाने (संभावित तिथि 16.03.2026) तथा मतदान उपरांत सीलबंद बैलेट बॉक्स को लॉ भवन सेक्टर-37-ए चंडीगढ़ में जमा करवाने के लिए आवश्यक सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

#### लगाई ड्यूटी

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि मंडल आयुक्त के ओएसडी को उक्त चुनाव के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो चुनाव नियमों के अनुसार संपूर्ण प्रक्रिया की निगरानी करेंगे। इसी प्रकार जल एवं स्वास्थ्य सेवा मंडल के अधीक्षण अभियंता को मतदान दिवस पर पेयजल की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। रोहतक खंड के विकास एवं पंचायत अधिकारी को चुनाव संबंधी बैलेट बॉक्स, बैलेट पेपर एवं अन्य चुनाव सामग्री को लॉ भवन सेक्टर-37-ए चंडीगढ़ से लाने, पोलिंग पार्टियों को वितरित करने तथा मतदान उपरांत सीलबंद एवं प्रयुक्त बैलेट बॉक्स को पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट परिसर, चंडीगढ़ में जमा करवाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में चुनाव तहसीलदार सरला सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# मोखरा में जमीन बेचने के नाम पर 23.20 लाख ठगे

- इकरारनामा की राशि लेने के बाद जमीन दूसरे व्यक्ति को बेचने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम

मोखरा गांव में एक परिवार ने रोहतक के एक व्यक्ति के साथ जमीन का सौदा तय कर लिया और इकरारनामा के तहत 23 लाख 20 हजार रुपए भी ले लिए। बावजूद इसके जमीन किसी अन्य व्यक्ति को बेच दी गई। इस संबंध में रोहतक के सेक्टर 34 के सनसिटी एरिया निवासी बजरंग लाल पुत्र रतीभान ने बताया कि झज्जर जिले के भापड़ौदा गांव निवासी हरिओम पुत्र कृपा राम ने उसकी मुलाकात मोखरा के महिपाल पुत्र सूरजमल से हुई थी। महिपाल ने बताया कि वह अपने गांव में बढ़िया जमीन दिलवा देगा। वह और हरिओम जमीन देखने के लिए मोखरा गांव पहुंचे। यहां पर महिपाल ने उनकी मुलाकात जमीन मालिक राजबाला पत्नी रोहतास से करवाई। वहां पर राजबाला का पति रोहतास और उसका बेटा विकास भी थे। उन्होंने एक इकरारनामा दिखाया जो राजबाला और महिपाल के बीच हुआ था। बताया गया कि अब महिपाल जिसके नाम जमीन करवाना चाहेगा, वे उसके नाम जमीन करवा देंगे। कहा गया कि आप महिपाल के साथ एग्रीमेंट कर लें। जितनी रकम महिपाल कहे उतनी रकम दे दो।

#### दो अन्य लोगों को बेची

जमीन मालिक और महिपाल पर भरोसा करते हुए उसने महिपाल के साथ 19 कनाल 18 मरले जमीन का सौदा तय कर लिया। इसकी एवज में उसने महिपाल को अलग अलग दिनों में कुल 23 लाख 20 हजार रुपए दे दिए। जमीन की रजिस्ट्री का दिन भी मुकर्रर हो गया था। जब वह जमीन की रजिस्ट्री के कागजात तैयार करवाने के लिए महम तहसील कार्यालय में गया तो पता चला कि पहले से इस जमीन में से 12 कनाल 8 मरले जमीन बहु अकबरपुर गांव निवासी रेखा रानी पत्नी राजेश कुमार को बेच दी गई है। जबकि बाकि 8 कनाल जमीन बहादुरगढ़ निवासी अंकित पुत्र शमशेर सिंह को बेच दी है। शिकायतकर्ता बजरंग लाल ने कहा कि राजबाला, रोहतास, विकास और महिपाल ने उसके साथ धोखाधड़ी की है। पुलिस ने इस संबंध में महिपाल, राजबाला, विकास और रोहतास के खिलाफ महम थाने में केस दर्ज किया है।

### सुडाना में जानलेवा हमले का मामलाः एक आरोपी गिरफ्तार


**रोहतक।** पुलिस ने गांव सुडाना निवासी प्रदीप व उसके परिवार पर हुए जानलेवा हमले के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए वारदात में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी को अदालत में पेश किया गया है तथा मामले की गहनता से जांच जारी है। थाना कलानौर के प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदीप की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि प्रदीप के पिता गांव सुडाना के भांजे हैं और यहीं निवास करते हैं। उनके नाना की करीब 6 किले जमीन प्रदीप के हिस्से में आती है। इसी जमीन को लेकर दिलावर और उसके परिवार के साथ कई वर्षों से विवाद चला आ रहा है। 2 मार्च को सुबह करीब 9 बजे प्रदीप, उसकी पत्नी, भाई और माता मोटरसाइकिल से खेत की ओर जा रहे थे। गांव में रविंद्र के मकान के पास पहुंचते ही दिलावर, श्रीभगवान, सज्जन, तजेबीर, दीपक व अन्य ने तेजधार हथियारों और डंडों से घेरकर हमला कर दिया। जांच में आरोपी रमेश उर्फ मोनू पुत्र रणधीर निवासी गांव रुडकी को गिरफ्तार कर लिया गया।

# बदमाशों ने टोल पर सुपरवाइजर को पीटा

- टोल मुफ्त पार करना चाहते थे बदमाश, आईडी मांगने पर भड़के
- मकड़ौली टोल पर दो दिन बाद तीन गाड़ियों में 10 से 15 युवकों ने आकर रंजिश में किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

मकड़ौली टोल प्लाजा पर ड्यूटी निभा रहे सुपरवाइजर श्रीभगवान पर मंगलवार को 10 से 15 युवकों ने जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल श्रीभगवान को तुरंत उपचार के लिए पंडित भगवत दयाल शर्मा पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पीजीआईएमएस) में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। घटना के बाद टोल कर्मचारियों में दहशत का माहौल है, जबकि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घायल सुपरवाइजर श्रीभगवान ने बताया कि 1 मार्च को वह मकड़ौली टोल प्लाजा की वीआईपी लाइन पर तैनात थे। इसी दौरान एक कार सवार युवक ने मकड़ौली गांव का आधार कार्ड दिखाते हुए टोल से फ्री निकलने की कोशिश की। संदेह होने पर श्रीभगवान ने उससे मूल पहचान पत्र दिखाने को कहा। इस बात पर युवक भड़क गया और बहस करने लगा। श्रीभगवान के अनुसार, युवक जाते-जाते उन्हें जान से मारने की धमकी देकर बोला, बाद में तुझे देख लेंगे। उस समय तो मामला शांत हो गया, लेकिन धमकी की बात सच साबित हुई। 3 मार्च मंगलवार को वही युवक तीन गाड़ियों में 10 से 15 लड़कों को लेकर टोल प्लाजा पर पहुंचा। उस समय श्रीभगवान ड्यूटी पर मौजूद थे। जैसे ही आरोपियों ने उन्हें देखा, सभी लड़के उनकी ओर दौड़ पड़े। हमलावरों के हाथों में लाठी-डंडे ही नहीं बल्कि लोहे की रॉड भी थीं। आरोप है कि बदमाशों ने बिना किसी बात के उन पर ताबड़तोड़ वार शुरू कर दिए। सिर और शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोटें आईं। हमले के दौरान टोल पर अफरा-तफरी मच गई। अन्य कर्मचारियों ने किसी तरह बीच-बचाव कर घायल सुपरवाइजर को अस्पताल पहुंचाया।





रोहतक। ब्लैक स्कॉर्पियो जिसमें बदमाश धमकी देकर गया था व गाड़ी में हमला करने आए युवक, जिसमें से एक युवक सीसीटीवी में दिखा। *फोटो: हरिभूमि*

#### कर्मचारियों में रोष, सुरक्षा की मांग

टोल कर्मचारियों ने घटना के बाद रोष जताया है। उनका कहना है कि यदि ड्यूटी के दौरान नियमों का पालन कराने पर इस तरह की घटनाएं होंगी तो कर्मचारियों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी। उन्होंने टोल प्लाजा पर स्थायी पुलिस सुरक्षा की मांग की है। फर्जी आईकार्ड के आधार पर टोल पार कराने से इनकार करना एक कर्मचारी के लिए इतना भारी पड़ जाएगा, यह किसी ने नहीं सोचा था। अब सभी की निगाहें पुलिस कार्रवाई पर टिकी हैं।

#### *नंबर प्लेट पर मिट्टी लगाकर पहुंचे थे आरोपी*

*घटना की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। फुटेज में देखा गया कि हमलावर अपनी गाड़ियों की नंबर प्लेट पर मिट्टी लगाकर आए थे, ताकि पहचान छिपाई जा सके। इससे साफ है कि हमला पूर्व नियोजित था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। हमले में शामिल मुख्य आरोपी वही युवक बताया जा रहा है जिसने 1 मार्च को धमकी दी थी।*

#### *पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा*

*मामले में पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। घायल श्रीभगवान की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है, लेकिन उनके शरीर पर आई चोटें गंभीर हैं।*

# 14 पंजीकृत गोशालाओं को 2.55 करोड़ दिए

- सरकार की यह पहल गो संरक्षण और संवर्धन को नई दिशा देगी : पंडित संत सुरहेती

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर



जिले की 14 पंजीकृत गोशालाओं को मंगलवार को बड़ी राहत मिली जब सोनीपत के भटगांव में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चारा अनुदान के रूप में 2 करोड़ 55 लाख 32 हजार 325 रुपये की राशि प्रदान की। यह अनुदान राशि गोशालाओं को तिमाही आधार पर चारे की व्यवस्था के लिए दी जाएगी, जिससे गोवंश के बेहतर पालन-पोषण में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम के बाद जिला के गोशाला संचालकों और गो सेवकों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए इस पहल को गो संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। गो सेवा आयोग के पूर्व सदस्य पंडित संत सुरहेती सहित विभिन्न गोशाला संचालकों ने भी मुख्यमंत्री की प्रशंसा करते हुए कहा कि सरकार की यह पहल गो संरक्षण और संवर्धन को नई दिशा देगी।

### स्वरोजगार के लिए 15 महिलाओं दी जाएगी 21 दिन ट्रेनिंग

**रोहतक।** हरियाणा महिला विकास निगम महिलाओं को ड्राइवर की ट्रेनिंग देने जा रहा है। इसके लिए बकायदा ऑनलाइन आवेदन पत्र मांग थे। गत 28 फरवरी आवेदन की अंतिम तिथि थी। निगम के पास 18 महिलाओं ने चालक का प्रशिक्षण लेने के लिए आवेदन किया है। लेकिन निगम 15 महिलाओं को ही एक बार में ट्रेनिंग दिला सकता है। ट्रेनिंग कन्हेली स्थित चालक प्रशिक्षण सेंटर में दिलाई जाएगी। ये सेंटर मारूति उद्योग द्वारा संचालित किया जाता है। निगम के मुताबिक 21 दिन की ट्रेनिंग दी जाएगी। प्रशिक्षण के बाद लाइट लाइसेंस भी मिलेगा ताकि महिलाएं ऑटो, कार समेत दूसरे लाइट कमर्शियल व्हीकल चला सकें।

## विधायक राजेश जून ने छोटूराम धर्मशाला के पदाधिकारियों का किया स्वागत

विजेंद्र दलाल पैनल के नवनिर्वाचित पदाधिकारी और सदस्य मिले

# धर्मशाला के विकास और समाज की सेवा में योगदान दें सदस्य : जून

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

दीनबंधु सर छोटूराम धर्मशाला सोसायटी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों व कॉलेजियम सदस्यों ने विजेंद्र दलाल के साथ विधायक राजेश जून से मुलाकात की। विधायक ने सभी विजेताओं को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

विधायक कार्यालय पहुंचे पैनल से प्रधान पद के प्रत्याशी रहे विजेंद्र दलाल, धर्मशाला सोसायटी नवनिर्वाचित सह सचिव एडवोकेट प्रवीण छिल्लर, कोषाध्यक्ष गुलाब छिकारा, कॉलेजियम सदस्य परमजीत दलाल, देवेंद्र रोहिल्ला, सुरजीत दलाल, डॉ. ओमप्रकाश दलाल, सुरेंद्र मलिक, अनिल गुलिया, सोमबीर दलाल, जितेंद्र सहरावत, प्रवीण मलिक, रामधन दलाल, प्रदीप तहलान बिट्टू, बिजेंद्र सिंह पार्षद, जयइंद्र सहरावत, हुकमचंद दलाल, राजेश दलाल, संदीप हुड्डा, कुलबीर दलाल, दलजीत दलाल, श्रीओम सांगवान, आनंद दलाल का विधायक राजेश जून ने स्वागत किया।



बहादुरगढ़। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों व सदस्यों का स्वागत करते विधायक राजेश जून।

#### आपसी समन्वय व सहयोग से कार्य करें

राजेश जून ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों व सदस्यों से आह्वान किया कि वे आपसी समन्वय और सहयोग की भावना से कार्य करते हुए धर्मशाला के विकास और समाज की सेवा में अपना योगदान दें। समाज द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी, निष्ठा और पारदर्शिता के साथ निभाना ही सच्ची सेवा है। सभी दीनबंधु सर छोटूराम के दिखाए गए समाज सेवा के मार्ग पर चलते हुए सर्व समाज की भलाई के लिए कार्य करें।

## खबर संक्षेप



### तीन स्थानों पर मिली अवैध शराब सहित दो गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** स्थानीय पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से अवैध शराब सहित दो आरोपी गिरफ्तार किए हैं। जबकि एक अन्य मामले में आरोपी की तलाश की जा रही है। संबंधित थानों की पुलिस मामलों में छानबीन कर रही है। दरअसल, पुलिस को सूचना मिली थी कि कानोंदा का निवासी मंजीत अवैध रूप से शराब बेचता है। फिलहाल वह शराब लेकर सोहटी की ओर से आ रहा है। इस पर टीम ने खैरपुर मोड़ पर नाका लगाकर आरोपी को पकड़ा। उसके पास से 44 पव्वे मिले। आरोपी के खिलाफ सदर थाने में केस दर्ज किया गया है। वहीं, जसोरखेड़ी स्थित एक ईंट भट्ठे पर मौजूद किरयाणे की दुकान पर भी पुलिस ने छापा मारा। इस दौरान दुकान से शराब की 14 बोतल बरामद हुई। आरोपी दलबीर निवासी यूपी के खिलाफ आसौदा थाने में केस दर्ज हुआ है। रेलवे स्टेशन परिसर में जांच के दौरान बैंच के नीचे शराब से भरा कट्टा पुलिस को मिला। उसमें से 96 पव्वे मिले। संभवतः पुलिस जांच को देखकर आरोपी शराब को छाड़कर वहां भाग गया। इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

*चिकित्सकों की सलाहः होली पर रसायनयुक्त रंगों से बचकर हर्बल को अपनाएं*

# रहें अलर्ट: मिलावटी रंग खुशियों में डाल सकते हैं खलल

### आंखों व त्वचा को नुकसान के साथ ही कैंसर तक का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

रंगों का त्योहार होली खेलते समय केमिकल युक्त रंग आपके अंगों को क्षति पहुंचा सकते हैं। इनसे त्वचा के झुलसने के साथ ही श्वास व नेत्र रोग संबंधित बीमारियां भी हो सकती हैं। लिहाजा होली पर केमिकल युक्त रंगों के प्रयोग से बचें और हर्बल रंगों के साथ होली की खुशियां मनाएं। होली खेलने से पहले पूरे शरीर में नारियल का तेल अवश्य लगाएं।

दरअसल, केमिकल युक्त रंग-गुलाल बनाने के लिए कुछ निर्माता डीजल, इंजन आयल, कॉपर सल्फेट, मेलाकाइड ग्रीन और सीसे का पाउडर आदि का इस्तेमाल करते हैं। इससे होली खेलने के बाद न केवल त्वचा ही बदरंग नहीं होगी, सिरदर्द, चक्कर और सांस की तकलीफ भी हो सकती है। इसलिए रंगों का प्रयोग संभालकर कीजिएगा। पहले के जमाने में भी होली हर्बल रंगों से ही खेली जाती थी। लोग फूलों के साथ चंदन, रोली का प्रयोग भी करते थे।



बहादुरगढ़। शहर के बाजार में उपलब्ध रंग। फोटो : हरिभूमि

#### रंगों से ये नुकसान

हरे रंग में मिश्रित मेलाकाइड ग्रीन से खुजली व कॉपर सल्फेट से त्वचा झुलस जाती है। इसमें कांच भी पीसकर मिलाया जाता है। काले रंग में लेड ऑक्साइड व पैराफिनाइड डायमिन से एलर्जी व कैंसर का खतरा रहता है। लाल रंग में मिले ईयोसिन से त्वचा को नुकसान होता है। सफेद रंग में शामिल एल्युमीनियम के साल्ट से नुकसान पहुंचता है।

#### आंखों को पानी से धोएं



डॉ. मालविका

नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. मालविका बंसल कहती हैं कि आप जब होली की मस्ती में डूबे होते हैं, तो कई बार होली खेलते हुए रंग आंखों में चला जाता है। इन रंगों में केमिकल्स होने के कारण आंख लाल हो जाती है और उससे पानी आने लगता है। आंखों में जलन होने लगती है। ऐसे में आंखों को पानी से धोएं और आंखों को बिल्कुल भी नहीं रगड़ें। ज्यादा समस्या होने पर तुरंत डॉक्टर को दिखाएं।

#### सरसों व नारियल तेल पहले से लगा लें



त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. रविकांता बताती हैं कि हर प्रकार के कृत्रिम रंग त्वचा के लिए हानिकारक हैं। इनमें घातक रसायनों की मिलावट होती है। इनके संपर्क में आते ही खुजली, छाले व त्वचा लाल हो जाती है। बेहोशी तक छा जाती है। होली पर हाथ-पैरों व अन्य खुले हिस्से पर माश्चराइजर, सरसों व नारियल तेल पहले से लगा लें। त्वचा में जलन होने पर साफ पानी से धोएं या नहा लें।

#### ऐसे बनाएं हर्बल रंग

आम लोगों के लिए मिलावटी रंगों की पहचान आसान नहीं, इसलिए हर्बल रंगों का इस्तेमाल ही सुरक्षित है। ये रंग बाजार में भी आसानी से उपलब्ध हैं। घर पर भी इन्हें तैयार कर सकते हैं। रात भर मेहंदी की पत्तियों को पानी में भिगोने से नारंगी रंग बना सकते हैं। चुकंदर को पानी में उबालने से गहरा गुलाबी रंग बन सकता है। गुलाब व अन्य लाल रंग के फूलों को रात भर पानी में भिगोने से लाल रंग बन सकता है। टेशू के फूलों को रातभर पानी में भिगोने से पीला रंग बन सकता है। ब्लूबेरी के रस को पानी में मिलाने से नीला रंग बन सकता है। सूखे लाल चंदन को लाल गुलाल की तरह इस्तेमाल कर सकते हैं।

## शिविर में की नाक, कान व गले की निःशुल्क जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

विश्व श्रवण दिवस के उपलक्ष्य में वर्ल्ड मेडिकल कॉलेज गिरावड़ में नाक, कान व गला विभाग द्वारा निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ईएनटी विशेषज्ञों द्वारा रोगियों के नाक, कान व गले संबंधी जांच की गई। विशेषज्ञों के अनुसार सुनने की समस्या न केवल बुजुर्गों में पाई गई बल्कि छोटे बच्चों और युवाओ में भी इसका प्रभाव देखा गया। संस्था अध्यक्ष डॉक्टर नरेंद्र सिंह ने बताया कि उनके संस्थान के ईएनटी डिपार्टमेंट में युवाओं और बच्चों की सुनने संबंधी समस्याओं का शल्य चिकित्सा द्वारा उपचार किया जा सकता है। लोगो को इन सुविधाओं का लाभ उठाना चाहिए।



झज्जर। शिविर में युवक के कान की जांच करते हुए विशेषज्ञ। फोटो : हरिभूमि

## गांजे सहित आरोपी युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

■ दुल्हेड़ा के अड्डे पर गुप्त सूचना के आधार पर उसे काबू किया

स्थानीय पुलिस ने गांव दुल्हेड़ा में गांजे सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कृष्ण के रूप में हुई है। वह गांव दुल्हेड़ा का रहने वाला है। दुल्हेड़ा के अड्डे पर गुप्त सूचना के आधार पर उसे काबू किया गया। राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी लेने पर उसके पास 608 ग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ बादली थाने में केस दर्ज किया गया है।



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगजनों के साथ उपस्थित डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

## दिव्यांगजनों को 53.30 लाख रुपये की राशि के उपकरण किए वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मंगलवार को रेडक्रॉस भवन परिसर में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने दिव्यांगों की सुविधा के लिए प्रधानमंत्री दिव्याशा-वयोश्री केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने 89 दिव्यांग जनों को 53.30 लाख रुपये की राशि के कृत्रिम उपकरण वितरित किए। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की एक महत्वपूर्ण पहल के तहत यह केंद्र देश का ऐसा पहला प्रधानमंत्री दिव्याशा-वयोश्री केंद्र है। जिसे कॉर्पोरेट इकाई एपीसीपीएल द्वारा सीएसआर के तहत अडॉप्ट किया गया है। एपीसीपीएल और एलिम्को के बीच जिला मुख्यालय पर स्थापित किए गए इस केंद्र के तहत दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए दो करोड़ रुपये का एमओयू साइन किया गया है। इस दौरान एपीसीपीएल के सीईओ दलीप कईबोर्ता, एलिम्को के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक प्रवीण कुमार सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## 17.34 लाख में बनेगी बराही की फिरनी, विधायक ने किया शुभारंभ

■ विधायक राजेश जून ने ठेकेदार को गुणवत्ता पर ध्यान रखने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

मंगलवार को गांव बराही में विधायक राजेश जून ने ग्रामवासियों की उपस्थिति में फिरनी (परिधि मार्ग) के निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर विधिवत शुभारंभ किया। ग्रामवासियों ने विधायक का स्वागत करने उपरांत इस काम के लिए आभार जताया। विधायक राजेश जून ने बताया कि सीएम नायब सिंह सैनी द्वारा स्वीकृत 5 करोड़ रुपये की स्पेशल विधायक ग्रांट में से बराही गांव की फिरनी का निर्माण कराया जाएगा। इस पर लगभग 17 लाख 34 हजार रुपये की लागत आएगी। गांव बराही के सभी लिंक रोड पहले ही नए बनाए जा चुके हैं और अब फिरनी के निर्माण से गांव की यातायात व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। विधायक ने मौके पर मौजूद ठेकेदार से स्पष्ट कहा कि निर्माण की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। टेंडर की सभी शर्तों और मानकों का पालन करते हुए मजबूत और टिकाऊ फिरनी का निर्माण किया जाए।

इस अवसर पर गांव के सरपंच मोहित छिल्लर, पप्पू, बिजेंद्र, सुरेश, राजेश, सरदारे, जगबीर, योगेश, रविंद्र, बल्लू, रमेश, नान्हा व नफे आदि उपस्थित रहे।



बहादुरगढ़। गांव बराही की फिरनी का निर्माण शुरू करवाते विधायक राजेश जून।

#### विधायक ने बजट को सराहा

विधायक राजेश जून ने सीएम नायब सिंह सैनी द्वारा प्रस्तुत प्रदेश के बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट जनहितैषी, दूरदर्शी और विकासोन्मुखी है। बजट में युवाओं, किसानों, महिलाओं, कर्मचारियों और व्यापारियों सभी वर्गों के हितों का विशेष ध्यान रखा गया है। विधायक ने विश्वास जताया कि इस जनकल्याणकारी बजट से प्रदेश के साथ बहादुरगढ़ को भी व्यापक लाभ मिलेगा और विकास के नए आयाम स्थापित होंगे।

### युवक के अपहरण की सूचना पर दौड़ी पुलिस

**बहादुरगढ़।** स्थानीय पुलिस को सोमवार रात कथित अपहरण की सूचना पर दौड़ लगानी पड़ी। हालांकि जांच में मामला कुछ और निकला। युवक को दिल्ली पुलिस द्वारा ले जाने की बात सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार, सोमवार की रात को एक युवक अपनी ताई के साथ यहां झज्जर रोड पर खड़ा था। आरोप है कि इसी दौरान एक अर्टिगा कार आई। उसमें चार लोग थे। उन्होंने युवक व उसकी ताई को बराही उतारने की बात कही। वे गाड़ी में बैठ गए। बाद में सोनीपत के राठधाना में महिला को उतार दिया गया लेकिन युवक को साथ ले गए। इस संबंध में सूचना दी गई तो पुलिस हरकत में आई। मामले में छानबीन शुरू हुई। मामले में सामने आया है कि युवक को दिल्ली पुलिस अपने साथ लेकर गई है। उसे किस मामले में ले जाया गया है, अभी इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है।

## विकसित हरियाणा बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा बजट : रामचंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मंगलवार को भाजपा के कमलम कार्यालय में प्रदेश बजट को लेकर एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने बजट के विभिन्न प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डाला और इसे प्रदेश के सर्वांगीण विकास की दिशा में ऐतिहासिक बताया। उन्होंने बताया कि कृषि संबंधी गतिविधियों में वर्ष 2014-15 में 1656.86 करोड़ से बढ़ाकर 2026-27 में 8319.77 करोड़ रुपये का प्रावधान किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में ठोस कदम है। सिंचाई का बजट 2098.06 करोड़ से बढ़ाकर 6446.57 करोड़ रुपये करने से जल प्रबंधन एवं फसलों की सुरक्षा को मजबूती मिलेगी। ग्रामीण विकास के लिए 1834.05 करोड़ से बढ़ाकर 8703.74 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण क्षेत्र में 773.97 करोड़ से बढ़ाकर 1512.21 करोड़ का बजट पास कर युवाओं के कौशल संवर्धन पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि यह बजट किसान, युवा, महिला, मजदूर और गरीब वर्ग को समर्पित है तथा हरियाणा को विकसित हरियाणा बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।



झज्जर। पत्रकारवार्ता में उपस्थित राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा व अन्य।

#### मौके पर ये मौजूद रहे

इस मौके पर जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि, प्रदेश प्रवक्ता यशवीर राघव, संजय कबलाना, जिला मीडिया प्रभारी गीतांशु चावला, रवि गुर्जर, रविंद्र गहलावत सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### बराही में तबीयत बिगड़ने से पुलिस कर्मी की मौत

**बहादुरगढ़।** बराही में हरियाणा पुलिस के एक जवान की मौत हो गई। हृदयागति से मृत्यु होने की आशंका जताई जा रही है। असल पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हो पाएगी। पुलिस ने घटना को संयोग मानकर कार्रवाई की है। मृतक की पहचान करीब 46 वर्षीय सुखबीर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, सुखबीर जींद जिले के रहने वाले थे और हरियाणा पुलिस में ईएएसआई थे। इन दिनों झज्जर में ईआरवी पर तैनात थे। सोमवार शाम वे बराही गांव में अपने दोस्त विकास के बेटे के जन्मदिन पर गए थे। परिवार में खुशी का माहौल था। रात करीब साढ़े 8 बजे वे कमरे में सो गए थे। सुबह के समय छह बजे जब उनके दोस्त संजय निवासी बराही चाय देने के लिए कमरे में पहुंचे और काफी आवाज लगाने के बावजूद जब सुखबीर नहीं उठे तो उन्हें संदेह हुआ। तुरंत अन्य साथियों को बुलाया गया। वे उन्हें लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचे तो यहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हृदयाघात से मौत की आशंका जताई गई है। सुखबीर चार बच्चों के पिता थे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है।

## बजट किसानों, मजदूरों व भूमिहीन ग्रामीण के हित में नहीं: एआईकेकेएमएस

**बहादुरगढ़।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह मातनहेल तथा सचिव जयकरण मांडोठी के अनुसार हरियाणा सरकार का बजट किसानों, मजदूरों व भूमिहीन ग्रामीण गरीबों के हित में नहीं है। अनूप सिंह व जयकरण मांडोठी ने कहा कि प्रदेश के किसान व मजदूर महंगाई और इनकी युवा संतानें बेरोजगारी से परेशान हैं। प्रदेश के किसान मंडियों में हो रहे घोटालों, खेती में लागत खर्च बढ़ जाने और प्राकृतिक आपदाओं से फसलों के बर्बाद हो जाने से कर्ज जाल में फंसकर आत्महत्या तक करने को मजबूर हैं। इन सब मुद्दों-समस्याओं को बजट में अनदेखा किया गया है। उल्टा मनरेगा का नाम बदल कर विकसित भारत जी राम जी तो कर दिया लेकिन बजट नहीं बढ़ाया। प्रदेश के स्कूलों में शिक्षकों की कमी है और अस्पतालों में डाक्टरों की कमी है, खाली पड़े पदों को भरने की बजट में कोई योजना नहीं है। शिक्षा और इलाज आम आदमी की पहुंच से बाहर हो गये हैं, लेकिन इनका बजट नहीं बढ़ाया गया। बुढ़ापा, विधवा, विकलांग आदि पेंशन में महंगाई के हिसाब से नाममात्र की बढ़ोतरी की गई है। बुजुर्गों का प्राइवेट बसों में आधा किराया व विद्यार्थियों के बस पास को अमान्य करना, यह उनके साथ घोर अन्याय है। प्रदेश की ग्रामीण खस्ता हालत सड़कों पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रहीं हैं, उनको दुरस्त करने की योजना में लीपापोती है। किसानों की फसलों को सी2+50 प्रतिशत पर खरीदने का बजट में जिक्र तक नहीं है। कर्ज मुक्ति की कोई बात नहीं है। जनविरोधी बिजली बिल 2025 व प्रीपेड स्मार्ट मीटर स्कीम को रद्द नहीं किया। जलभराव व अन्य कारणों से बर्बाद हुई फसलों के मुआवजे का बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है।

*श्रद्धालुओं ने घरों और पुजारियों ने मंदिरों में किया जाप*

## चंद्र ग्रहण के चलते मंदिरों के कपाट रहे बंद

### ग्रहण के दौरान पूजा-पाठ भोजन और सोने पर भी इसका असर पड़ता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मंगलवार को साल का पहला चंद्र ग्रहण रहा। यह चंद्र ग्रहण भारत में दर्शनीय रहा, इसलिए सूतक काल भी मान्य रहा। सूतक काल लगने पर भगवान के दर्शन नहीं किए जा सकते और न ही पूजा पाठ के कार्य किए जाते हैं। इसी कारण शहर के मंदिरों के द्वार बंद रहे। धार्मिक मान्यतानुसार ग्रहण के दौरान श्रद्धालुओं ने अपने घरों में तथा पुजारियों ने मंदिरों में मंत्र जाप किया। प्रातः काल 6 : 20 बजे से मंदिरों के मुख्य द्वार बंद कर दिए गए। बाबा कांशी गिरी मंदिर के पुजारी पवन कौशिक ने बताया कि हिंदू धर्म में ग्रहण को लेकर कुछ परंपराएं प्राचीन समय से चली आ रही हैं। ग्रहण के दौरान पूजा-पाठ भोजन और सोने पर भी इसका असर पड़ता है। इन्हीं परंपराओं में से एक परंपरा मंदिर के द्वार बंद किए जाने की भी है। शास्त्रों में बताया गया है कि इस अवधि के दौरान मानसिक तौर पर पूजा पाठ और मंत्रों का जाप करना विशेष रूप से फलदायी होता है। चंद्र ग्रहण का सूतक नौ धंटे पहले ही लग गया था। शास्त्रों के अनुसार ग्रहण काल साधना, जप और आत्मचिंतन का समय होता है। देवेश शर्मा ने बताया कि ऐसे समय में ब्रह्मपूजा को विराम देकर आंतरिक एकाग्रता पर बल दिया जाता हैं।

यही कारण है कि ग्रहण के दौरान मंदिरों के द्वार बंद किए जाते है और शुद्धिकरण के पश्चात ही नियमित पूजा-अर्चना शुरू होती है। मंदिरों के द्वार ग्रहण समाप्त होने के बाद साफ-सफाई और शुद्धिकरण के बाद खोले गए।



झज्जर। बाबा कांशी गिरी मंदिर में धार्मिक पुस्तक पढ़कर सर्व मंगल की कामना करते हुए ब्राह्मण। फोटो : हरिभूमि

## वन्यजीवों के लिए घातक हो रहे रसायन : डॉ. अश्वनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



डॉ. अश्वनी कुमार

■ विश्व वन्यजीव दिवस : केमिकल्स का पक्षियों पर पड़ रहा प्रतिकूल प्रभाव

प्रत्येक वर्ष 3 मार्च को विश्व वन्यजीव दिवस मनाया जाता है, ताकि बढ़ती मनुष्य की आबादी में किसी तरह वन्य जीवों को बचाया जा सके। आधुनिक समाज में रासायनिक पदार्थों ने पर्यावरण को अपनी गिरफ्त में ले लिया है। रासायनिक पदार्थों के उपयोग से जंगली जीव जंतुओं के साथ-साथ घरेलू पशु-पक्षी भी असमय काल के ग्रास में समाने लगे हैं। जिससे पर्यावरण संरक्षण की परिकल्पना पर प्रश्न चिह्न लगता दिखाई देने लगा है। झज्जर जिले में भी बड़ी संख्या में वन्य जीव विचरण करते हैं। परंतु अब समस्या इन वन्य जीवों के संरक्षण को लेकर आ रही है। छारा के चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय के सहायक प्रोफेसर डॉ. अश्वनी कुमार के अनुसार अन्न उपजाने की बात हो या फिर रोजमर्रा के दैनिक जीवन में प्रयोग की जाने वाली साग-सब्जियां, फल इत्यादि का उत्पादन रासायनिक पदार्थों के बलूबते ही निर्भर हो गया है। कीटनाशक दवाओं का ज्यादा उपयोग हो रहा है। इनके सेवन से मानव जीवन तो संकट में है ही, घरेलू जानवरों को बीमार होने पर दी जाने वाली दवाएं जंगली जीव-जंतुओं के लिए जानलेवा साबित हो रही है। गाय, भैंस, भेड़, बकरियों में प्रयोग की जाने वाली दवाइयां उनकी मृत्यु के पश्चात भी आम जीव-जंतुओं पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। यही कारण है कि सड़े गले मांस को खाने के लिए प्रसिद्ध गिद्धों व कौओं आदि पक्षी इसी वजह से विलुप्ति की ओर अग्रसर हैं।

## विद्यार्थियों व शिक्षकों ने मिलकर मनाया होली पर्व



**झज्जर।** गंगा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट कबलाना में होली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों व शिक्षकों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई दी। कॉलेज कैंपस रंगों और खुशियों से सराबोर नजर आया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं मर्यादित तरीके से त्योहार मनाने की प्रेरणा देते हुए भारतीय संस्कृति और परंपराओं के महत्व पर प्रकाश डाला। निदेशक प्रोफेसर अमन अग्रवाल ने सभी विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों को होली के महत्व पर जानकारी दी।

### बेरी में नवरात्र मेले की तैयारियों को लेकर डीसी ने दिए अधिकारियों को निर्देश

# मेले में लगाएंगे मेडिकल यूनिट, सिंगल यूज प्लास्टिक पर रहेगा प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

माता भीमेश्वरी देवी मंदिर में लगने वाले चैत्र नवरात्र मेले की तैयारियों को लेकर डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने अधिकारियों की बैठक ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बेरी मेला में सप्तमी और अष्टमी के दिन मां भीमेश्वरी देवी के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। ऐसे में मेले के पिछले अनुभवों के आधार पर श्रद्धालुओं का अनुमान लगाते हुए मेला परिसर में सुरक्षा व अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मेला परिसर में ड्यूटी देने वाले कर्मचारियों को पहचान पत्र संबंधित विभाग द्वारा जारी किए जाएंगे। साथ ही पार्किंग, सुरक्षा, पीने के पानी, रात्रि के समय रोशनी के इंतजाम, स्वास्थ्य सुविधाएं, अस्थाई शौचालय, सीसीटीवी, माइक सर्विस व अग्निशमन सेवाएं आदि इंतजामों की व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की उमड़ने वाली भीड़ को लेकर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किए जाएंगे। मेले के दौरान लगने वाले भंडारों में सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूरी तरह पाबंदी रहेगी। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मंदिर परिसर में नवरात्र से ही मेडिकल यूनिट स्थापित करने के निर्देश दिए।



**झज्जर।** बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।


**बहादुरगढ़।** शिक्षिका संग खुशी का इजहार करते विद्यार्थी।

## बच्चों ने फूलों की होली खेली

**बहादुरगढ़।** गांव लडरावण में स्थित श्री स्वामी समर्थ इंटरनेशनल स्कूल में परंपरागत तरीके अपनाते हुए आधुनिकता के साथ होली का उत्सव हर्ष तथा उल्लास के साथ मनाया गया। जूनियर बच्चों ने गुलाल व फूलों के साथ होली खेली। सीनियर बच्चों ने भी गुलाल व रंग से एक दूसरे के माथे पर तिलक लगा कर उत्सव मनाया। बच्चों ने स्कूल के निदेशक व प्रबंधन समिति के सदस्यों को तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। अध्यापकों ने भी बच्चों व सहकार्यकर्ताओं को होली का महत्व समझाया। निदेशक अभिषेक छिल्लर ने कहा कि त्योहार खुशियों का प्रतीक हैं। इन विशेष अवसरों को हमें प्रेम व भाईचारे के साथ मनाना चाहिए।




## ब्रह्म समाज ने मनाया होली मिलन समारोह


■ हवन के उपरांत सभी सदस्यों ने फूल बरसाकर और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

मंगलवार को सेक्टर-2 में ब्रह्म समाज सेवा समिति के सदस्यों ने भगवान परशुराम धर्मशाला में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। हवन के उपरांत सभी सदस्यों ने फूल बरसाकर और गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। कंवर नरेश भारद्वाज, महेश वशिष्ठ, घनश्याम शर्मा, नीरज वत्स, अनिल शर्मा, सुरेंद्र वशिष्ठ, भूपेंद्र वशिष्ठ, नरेंद्र मुद्गल, नरेश भारद्वाज, पूनम चंद गौड़, सुनील पारीक, मदन तिवारी, राजेंद्र शर्मा, सुरेंद्र कौशिक, गोविंद पारीक, रामानंद शर्मा, डॉ. महेंद्र भारद्वाज आदि सदस्यों ने अपने परिवार के साथ होली मिलन समारोह में शामिल होकर होली मिलन कार्यक्रम का आनंद लिया।


**बहादुरगढ़।** होली मिलन समारोह में मौजूद समिति के सदस्य। फोटो : हरिभूमि




## भविष्य मल्हान ने राज्य स्तरीय शूटिंग स्पर्धा में जीता पदक

**झज्जर।** पेस ग्रुप की पांचवीं कक्षा के प्रतिभाशाली छात्र भविष्य मल्हान ने शूटिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए नेशनल स्तर पर अपना स्थान सुनिश्चित किया है। निदेशक जय विकास ने बताया कि फरवरी माह में सोनीपत में आयोजित राज्य स्तरीय 10 मीटर शूटिंग प्रतियोगिता में भविष्य ने कांस्य पदक जीतकर नेशनल के लिए क्वालिफाई किया। भविष्य प्रतिदिन लगभग दो घंटे नियमित अभ्यास करता है। उन्होंने विश्वास जताया कि वह नेशनल स्तर पर भी शानदार प्रदर्शन कर संस्थान व जिले का गौरव बढ़ाएगा। इस उपलब्धि पर अकादमिक निदेशक जयभगवान ने भविष्य को शील्ड देकर सम्मानित किया। इस मौके पर चेयरमैन युद्धवीर, मैनेजिंग डायरेक्टर संदीप, हरीश तथा सुमित चावला सहित अन्य भी उपस्थित रहे।


**झज्जर।** होनहार खिलाड़ी भविष्य मल्हान को पुरस्कृत करते हुए शिक्षक। फोटो : हरिभूमि







## वर्ल्ड मेडिकल कॉलेज के चेयरमैन डॉ. नरेंद्र सिंह को मिली लोहागढ़ गौरव उपाधि

**झज्जर।** समाज सेवा, शिक्षा और खेल जगत में निरंतर उत्कृष्ट योगदान देने के लिए वर्ल्ड मेडिकल कॉलेज गिरावड़ के चेयरमैन डॉक्टर नरेंद्र सिंह को प्रतिष्ठित लोहागढ़ गौरव उपाधि से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें उनके प्रेरक कार्यों और समाज के प्रति अटूट निष्ठा के लिए प्रदान किया गया है। डॉक्टर नरेंद्र सिंह फौजदार वर्तमान में इंडियन पैरा एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में देशभर में दिव्यांग खिलाड़ियों को मुख्यधारा से जोड़ने और उनके उत्थान के लिए सक्रिय प्रयास कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में दिव्यांगों के लिए खेलकूद और सामाजिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में कई प्रेरणादायी कदम उठाए गए हैं। सम्मान प्राप्त करने के उपरांत डॉक्टर नरेंद्र सिंह ने कहा कि दिव्यांगजन और खिलाड़ियों का उत्थान ही राष्ट्र की असली सेवा है। समाज के हर वर्ग को आगे आकर इन लोगों को मुख्यधारा में शामिल करने का प्रयास करना चाहिए। समारोह के दौरान वक्ताओं ने कहा कि डॉक्टर नरेंद्र सिंह का योगदान केवल खेल जगत तक सीमित नहीं है। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा और राजनीति क्षेत्र में भी उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं।


डॉक्टर नरेंद्र सिंह फौजदार, चेयरमैन, वर्ल्ड मेडिकल कॉलेज, गिरावड़।




## विजेता पहलवानों का किया सम्मान



**बहादुरगढ़।** दिल्ली के मुंगेशपुर में आयोजित जूनियर कुश्ती प्रतियोगिता में फ्रीस्टाइल कुश्ती में बहादुरगढ़ के पहलवानों ने भी दमखम दिखाया।

शैलेंद्र पहलवान ने 42 किलोग्राम भारवर्ग में सिल्वर मेडल जीता। चमन पहलवान ने 52 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य पदक जीता। रामाधीन पहलवान ने 60 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। देवेंद्र जून कुश्ती अकादमी में पहुंचने पर पहलवान देवेंद्र के साथ जसबीर प्रधान, रोबिन जून, विपिन जून, बिजेंद्र मान, शशि काजला व कृष्ण दलाल आदि ने विजेता पहलवानों का स्वागत किया तथा भविष्य में भी जीतने का आशीर्वाद दिया।

